





नवभारत
इंदौर, गुरुवार ,26 फरवरी, 2026
04

## एक नजर में

### राष्ट्रीय अध्यक्ष को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग



**मंडलेश्वर, निप्र।** मानव अधिकार परिषद (भारत ) की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति आरती राजपूत को अंतर्राष्ट्रीय कॉल के माध्यम से धमकाने वाले अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करने एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष को सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने के संबंध मे मंडलेश्वर एस डी एम पूर्व मंडलोई को एक ज्ञापन मानव अधिकार परिषद (भारत) मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह ठाकुर ने सौंपा।परिषद के प्रदेश मिडिया प्रभारी दुर्गेश कुमार राजदीप ने उक्त जानकरी देते हुए बताया कि गत 21 फरवरी कि रात राष्ट्रीय अध्यक्ष को एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर से कॉल आया जिसमे कॉलर द्वारा उन्हें धमकाते हुए देख लेने की धमकी दी गई थी। इस घटना की शिकायत राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अपने गृह नगर जालंधर के पुलिस थाने मे दर्ज करवाई गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष को मिली धमकी को अध्यक्ष द्वारा मानव अधिकार परिषद के बैनर तले उठाए जा रहे मुद्दों से जोड़कर देखा जा रहा है। उनके द्वारा जनता से जुड़े कुछ ज्वलंत मुद्दों को दमदारी से उठाने पर वे असामजिक तत्वों के निशाने पर है। मंडलेश्वर एस डी एम को महामहिम राष्ट्रपति के नाम दिए ज्ञापन मे राष्ट्रीय अध्यक्ष को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की गई है। मंडलेश्वर जेल मे हुई घटना की जाँच और सिविल हॉस्पिटल शुरू करने की भी मांग की। प्रदेश अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने मंडलेश्वर सब जेल मे बंदियों के बीच हुई हुई मारपीट के बारे मे भी एक ज्ञापन केंद्रीय जेल अधीक्षक बड़वानी के नाम देकर सब जेल मे हुई घटना की मजिस्ट्रेट जाँच की मांग के साथ ही मंडलेश्वर सिविल हॉस्पिटल का शीघ्र उद्घाटन करने की भी मांग की है।

### करोंदिया में प्रेरणादायक विवाह समारोह : गौदान, संरक्षण और प्राकृतिक खेती का अनूठा



**कसरावद, निप्र।** ग्राम करोंदिया में आयोजित एक विवाह समारोह ने सामाजिक चेतना और परंपरा का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। जयराम पटेल के सुपुत्र राजेन्द्र यादव एवं उनकी धर्मपत्नी कांति यादव ने अपनी भांजी दीपिका का विवाह पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न किया। इस शुभ अवसर को केवल पारिवारिक उत्सव तक सीमित न रखते हुए समाजहित से जोड़कर एक अनूठी पहल की गई। दामाद शिवम यादव (निवासी अहीर धामनोद) को विवाह उपहार स्वरूप गिर गाय की उत्तम नस्ल की गाय दान दी गई। यह गौदान केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि गौवंश संरक्षण, शुद्ध दुग्ध उत्पादन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का सशक्त संदेश है। गिर नस्ल की गाय अपने पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण दूध के लिए जानी जाती है, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में करोंदिया, सरवर देवला और गोपालपुरा के समाजसेवी, प्रगतिशील किसान एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक नवाचार बताया। वक्ताओं ने कहा कि यदि विवाह जैसे पावन अवसरों पर गौदान और प्राकृतिक खेती का संकल्प लिया जाए, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नई धारा प्रवाहित हो सकती है। यादव समाज, जो स्वयं को श्री कृष्ण की गोपालक परंपरा का उत्तराधिकारी मानता है, सदैव गौसेवा और प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली को महत्व देता आया है। गौ आधारित प्राकृतिक खेती से भूमि की उर्वरता बढ़ती है, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है और पर्यावरण संतुलन बना रहता है। इससे आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध अन्न और दूध उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होता है। ग्राम करोंदिया का यह आयोजन केवल एक विवाह समारोह नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज, स्वावलंबी किसान और सुरक्षित पर्यावरण की दिशा में उठाया गया प्रेरणादायक कदम बन गया। उपस्थित ग्रामीणों ने ऐसे प्रयासों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।


### पंचायत मोबीलाईजर स्थानीय भाषा में योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें

**भीकनगाव, निप्र।** पंचायत मोबीलाईजर गांव स्तर पर स्थानीय भाषा में सरलता से योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें,खुश होकर कार्य करेंगे आनंद मेहसूस होगा, उक विचार नवागत अनुविभागीय अधिकारी फरहान इरफान जमादार (आय ए एस) ने आनंद विभाग द्वारा दिनांक 25/2/26को आयोजित एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला भीकनगाव, में मुख्य अतिथि के रुप में समापन सत्र में विचार रखते हुए भीकनगाव नवागत एस डी एम,ने बी आर सी भवन में पंचायत मोबीलाईजर के बीच व्यक्त किए। सत्र प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथि स्वागत डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर आनंद के,बी मंसारे ने किया।आनंद संस्थान का परिचय विडियो द्वारा दिखाया गया ।जीवन का लेखा-जोखा और आनंद की ओर तथा जीवन में रिश्तों का महत्व,मास्टर ट्रैनर गणेश कानडे, पप्पू यादव ने स्वयं के जीवन में बदलाव की घटनाएं बताई। प्रेरक विडियो दिखाए। शांत समय मौन की प्रक्रिया कराई। मनोरंजनक गतिविधियो द्वारा जीवन को तनाव मुक्त बनाने, और भौतिक संसाधनों का सीमित उपयोग तथा जीवन में अहं, नफरत, क्रोध, लालच, जलन से बचने व आनंद महसूस करने का स्वयं अनुभव बताया। कार्यक्रम में पैसा एक्ट के ब्लाक समन्वयक भीम बारे,बी आर सी, जगदीश हिरवे,बी ए सी वाणी विलास वानखेड़े, उपस्थित थे। कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका में,तारा यादव विजय जाधव, अखिलेश यादव,पूजा मोरे,निशा पेंढारे,वंदना चौहान,काजल राठोर तथा आनंद ग्राम से हौसीलाल, रविन्द्र प्रतिभागी शामिल रहे। पचास प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया।



### बड़वाह में सुंदरकांड एवं फाग उत्सव का आयोजन किया

**बड़वाह, निप्र।** सुराणा नगर बड़वाह में मां नर्मदा मूक बधिर एवं दृष्टि बाधित निशुल्क आवासीय विद्यालय सुराना सुंदरकांड एवं फाग उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें संगीतमय सुंदरकांड शुभम तवर एवं पंडित श्री सूर्यांश जी पाठक के द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुत भी की गई जिसमें दिव्यांग बच्चों द्वारा नित्य एवं गायन भी प्रस्तुत किया गया । जिससे बच्चे एवं अतिथिगण बहुत प्रसन्न हुए। दरबार सुंदर-सुंदर फूलों से सजाया गया सुंदरकांड की शुरुआत रात्रि 8 :00 बजे से देर रात 1 :00 बजे तक चली जिसमें फाग उत्सव का भी बच्चों ने आनंद लिया।



# वीबी जी रामजी योजना के काम जमीन पर नजर आएंगे : विधायक पाटीदार

## ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से किया योजनाओं को गांव की चौपाल तक पहुंचाने का आह्वान

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** केंद्र सरकार की महती विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट का ग्राम एवं फालियों तक प्रचार- प्रसार करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी लगातार प्रशिक्षण, कार्यशाला, सम्मेलन एवं ग्राम चौपाल का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को मुख्यालय स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन सह- कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि यह योजना मजदूरों को शत- प्रतिशत रोजगार देने के साथ ही गांव की आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली योजना है।




डीजिटल तरीके से रखी जाने वाली निगरानी से पारदर्शिता रहेगी, भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। योजना के काम अब कागजों पर नही जमीन पर नजर आएंगे। इस योजना में अब गांव के विकास के बुनियादी पक्के काम भी शामिल किए है, जिसमें सड़क, पक्के भवन, पुल-पुलिया निर्माण सहित गौशाला जैसे विकास कार्य शामिल है। विधायक ने आह्वान किया कि पार्टी सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से जो इस योजना का प्रचार- प्रसार कर रही है, लेकिन कार्यकर्ता माउथ मीडिया से योजना को जनता के बीच ले जाएं, क्योंकि संवाद करने से योजना को लेकर फैला भ्रम दूर होगा। स्वागत भाषण ब्लॉक संयोजक संतोष पाटीदार ने दिया।

### कांग्रेस को नाम बदलने से नही, रामजी के नाम से झटका लगा

सम्मेलन में विधायक श्री पाटीदार ने कांग्रेस के योजना के विरोध करने पर चुटकी लेते हुए कहा कि विपक्ष का काम है विरोध करना। लेकिन इस योजना कांग्रेस को नाम बदलने से नही बल्कि रामजी का नाम जोड़े जाने से झटका लगा है। कांग्रेस के फैलाए भ्रम को रोकने और योजना में क्या परिवर्तन है, इससे क्या लाभ मिलेगा। यह जानकारी हमें हितग्राहियों तक पहुंचानी है।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेक भटोरे ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि यह योजना हमारे पूर्व मुख्यमंत्री एवं तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की दुरगामी सोच को लेकर बनाई गई समृद्धशाली योजना है। यह योजना उस अंतिम पंक्ति के मजदूर को भी लाभ पहुंचाएगी, जो जॉबकार्ड के बाद भी रोजगार पाने की राह तकता था। वीबी जी राम जी योजना के जिला संयोजक वीरेंद्र पाटीदार ने कहा कि योजना भ्रष्टाचार रोकने के लिए बदलाव किया है। बायोमेट्रिक सत्यापन, जियो टेगिंग जैसी डीजिटल निगरानी योजना को पारदर्शी बनाती है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया ने कहा कि योजना से पलायन रुकेगा। 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित करने के साथ ही तय अवधि में मेहनताना सीधे मजदूरों के खाते में पहुंचेगा। जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया सम्मेलन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौड़, कार्यालय मंत्री विजय पटेल, मंडल अध्यक्ष गोगावां अजय राठौड़, पूर्वी नगर मंडल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे, खरगोन ग्रामीण मंडल भूपेंद्र पाटीदार, वरिष्ठ नेता कांशीराम पाटीदार मंचासीन रहे। संचालन सतनाम कुशवाह ने किया, आभार कन्हैया कोठाने ने माना। सम्मेलन में कोषाध्यक्ष भीमसिंह जाधव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल राठौड़, आईटी सेल जिला संयोजक शुभम जायसवाल, पूर्वी मंडल संयोजक भगवान प्रजापत, पश्चिम मंडल संयोजक अखिलेश यादव, अमित मौर्य, वीणा जायसवाल, बलीराम प्रजापत, सोनू बार्चे, ज्योति वर्मा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला कार्यकारिणी घोषित

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष सलभ भदौरिया के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्ष परसराम चौहान तथा संभागीय अध्यक्ष विजय मोरे की सहमति से जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इस कार्यकारिणी में सदाशिव वर्मा को जिला अध्यक्ष तथा मनीष मडाहर को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। प्रदेश संगठन ने जिला अध्यक्ष श्री वर्मा पर भरोसा जताते हुए दोबारा उन्हें जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। जिला अध्यक्ष वर्मा ने 31 पदाधिकारियों की कार्यकारिणी घोषित की है। नवीन कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष नीरज टक्कर, महासचिव मनीष मडाहर, उपाध्यक्ष आसिफ खान, मनोज मालवीय, राजेश नायर, महेश चौहान, अमन वर्मा, देवेंद्र गुप्ता, विद्याभूषण तिवारी को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष संजय पाराशर, सचिव मामराज सैनी, नवीन बारचे, शिवशंकर रोकड़े, संजय सोलंकी, विकास श्रीवास, प्रवीण यादव और प्रभु रेन्सोरे होंगे। संयुक्त सचिव सत्यनारायण सैनी, हर्षल जायसवाल, संजय यादव, विकास शर्मा, विनोद जायसवाल, दिलीप सोनी, हेमंत ठाकुर बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्य अर्पित जायसवाल, शुभम मालवीय, देवदत्त अक्कल, कमलेश चौहान, संदीप मडाहर, कल्पेश सोनी होंगे। जिला अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि जिले में संगठन को सशक्त बनाकर पत्रकारों के हितों में सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा।





## भीकनगांव में अल्पविराम कार्यशाला का हुआ आयोजन

**भीकनगांव, निप्र।** पंचायत मोबाइलाइजर गांव स्तर पर स्थानीय भाषा में सरलता से योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें, खुश होकर कार्य करेंगे आनंद महसूस होगा। उक्त विचार एसडीएम श्री फरहान इरफान जमादार ने आनंद विभाग द्वारा 25 फरवरी को आयोजित एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला भीकनगांव में मुख्य अतिथि के रूप में समापन सत्र में बीआरसी भवन में पंचायत मोबाइलाइजर के बीच व्यक्त किए। सत्र प्रारंभ प्रार्थना दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथि स्वागत डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर आनंद के.बी. मंसारे ने किया। इस दौरान आनंद संस्थान का परिचय वीडियो दिखाया गया। जीवन का लेखा-जोखा और आनंद की ओर तथा जीवन में रिश्तों का महत्व विषय पर मास्टर ट्रेनर गणेश कानडे, पप्पू यादव ने स्वयं के जीवन में बदलाव की घटनाएं बताईं और प्रेरक वीडियो दिखाए। इस दौरान शांत समय मौन की प्रक्रिया कराई गई। मनोरंजक गतिविधियां कराई गईं। जीवन को तनाव मुक्त बनाने, भौतिक संसाधनों का सीमित उपयोग तथा जीवन में अहं, नफरत, क्रोध, लालच, जलन से बचने व आनंद महसूस करने का स्वयं अनुभव बताया। कार्यक्रम में पैसा एक्ट ब्लॉक समन्वयक भीम भरोड़े, बीआरसी जगदीश हिरवे, बीएसी वाणी विलास वानखेड़े कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका में रहे। तारा यादव, विजय जाधव, अखिलेश यादव, पूजा मोरे, निशा पेंढारे, वंदना चौहान, काजल राठौर तथा आनंद ग्राम से हौसीलाल, रविंद्र प्रतिभागी शामिल रहे। पचास प्रतिभागियों को अतिथियों के करकमलों से प्रमाण पत्र वितरित किए गए। रमेश चक्रवर्ती ने आभार व्यक्त किया।



## मजदूर संघ ने रैली निकाल भरी हुंकार




**खरगोन, निप्र।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले बुधवार को पेंशनर सहित शासकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारियों, श्रमिक संगठनों ने एकजुटता दिखाते हुए 46 सुत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में प्रभावी आक्रोश रैली निकाली। कुंदा तट स्थित चौपाटी से हाथों में नारे लिखी तख्तियां एवं झंडा लिए सैंकड़ों की संख्या में शामिल हुए कर्मचारियों, श्रमिकों ने अभी करो अर्जेंट करो, हमारी मांगें पूरी करो जैसे नारे लगाकर ध्यान आकृष्ट कराया। इस प्रदर्शन में 28 विभागों में कार्यरत बाह्य स्त्रोत आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी, संविदा कर्मचारी, बिजली कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ही पेंशनर भी शामिल हुए। कलेक्ट्रेट पहुंचकर 46 सुत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने मांग की है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित कर्मचारी का दर्जा मिले, 10 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत दैवेभो कर्मचारियों को नियमित करने, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के साथ ही महंगाई भत्ता, हेल्थ इंश्योरेंस जैसी सुविधा मिले जैसी मांगें शामिल है। प्रदर्शन में शामिल नरेंद्र पटेल, पंकज मलतारे, लोकेंद्र वर्मा, महेंद्र पटेल, गिरीश उपाध्याय, आरएस देवड़ा, भारती मालवीया, रंजना पटेल, आशा अमोदे, रामश्री ठाकुर, गीता राठौड़, पार्वती, आदि ने शासन को चेतावनी दी है कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नही लिया तो उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

## गोगावां पुलिस ने पिकअप से मुक्त कराए गौवंश, दो गिरफ्तार

**गोगावा, निप्र।** पिकअप वाहन में अवैध तरीके से गौवंश की हो रही तस्करी का पुलिस ने खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पिकअप को जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 गौवंश मुक्त कराए है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 09 जीएफ 0631 को पंचायत भवन के पास से रोका गया। वाहन में रेमसिंग पिता प्यारसिंग कनासे एवं लालु पिता लेदला बामने दोनों निवासी घोडी सवार थे। वाहन में गौवंश परिवहन के संबंध में दस्तावेज नही मिलने पर प्रकरण दर्ज किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी गोगावां उनि दीपक यादव के नेतृत्व में प्र.आर परसराम भास्करे, आर. आशीष, आर. अभिषेक, आर. सुमित व थाना गोगावां के अन्य पुलिस स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।




## स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव पर लापरवाही, प्रसूता को गेट पर ही प्रसव हुआ

**भीकनगांव, निप्र।** जिले के झिरन्या ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवना में एक गर्भवती महिला को डिलेवरी के लिए सुबह 5 बजे स्टॉप का इंतजार करना पड़ा, लेकिन 6 बजे तक स्वास्थ्य केंद्र का कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था। नतीजा महिला ने केंद्र के बाहर ही नवजात शिशु को जन्म दे दिया। खबर लिखे जाने तक वहां कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा 'यह घटना ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल रही है। महिला बाईसू पति रविन्द्र भूरिया निवासी तेड, जो सुबह डिलेवरी के लिए पहुंची थीं। स्टाफ की अनुपस्थिति में उन्हें खुले में ही बच्चे को जन्म देना पड़ा। परिजनों की मांग है कि इस संबंध में जाच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। जिला प्रशासन खरगोन के जिम्मेदार अधिकारी शिवना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर निरीक्षण किया गया है। **झिरन्या ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉ सहस्त्रै का कहना है:-** खरगोन जिले से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निरिक्षण किया। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।




**एक नजर में** — पूरा परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया

# शिव महापुराण कथा में गूंजा शिव-पार्वती विवाह प्रसंग, श्रद्धालु हुए भावविभोर

नवभारत न्यूज

**बड़वाह।** नगर में चल रही 108 कुण्डीय श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ एवं शिव महापुराण कथा के छठे दिवस शिव-पार्वती विवाह का बहुप्रतीक्षित प्रसंग कथावाचक द्वारा भावपूर्ण ढंग से सुनाया गया। यह वही दिव्य प्रसंग है, जिसका श्रद्धालु लंबे समय से बेसब्री से इंतजार करते हैं। कथा के दौरान पांडाल में भक्ति और उल्लास का अद्भुत वातावरण बन गया। शिव विवाह का वर्णन होते ही भक्तजन भजन-कीर्तन पर झूमते, गाते और नृत्य करते नजर आए। पूरा परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा, जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया। इसके पूर्व कथावाचक स्वामी रामकृष्ण दास जी महाराज ने शिव महापुराण के छठे दिवस पर पार्वती अवतरण का पावन प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि पूर्व जन्म में सती ने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में अपमानित होकर देह त्याग दी थी। वही आदिशक्ति जगत कल्याण हेतु हिमालयराज और माता मैना के यहाँ पार्वती के रूप में अवतरित हुईं। बाल्यकाल से ही पार्वती का मन भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए समर्पित था। उन्होंने कठोर तप, उपवास और निरंतर शिव-आराधना कर देवताओं को भी चकित कर दिया। महाराज ने कहा कि पार्वती का अवतरण यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति, धैर्य और संकल्प से भक्त भगवान को भी प्रसन्न कर सकता है। इसी अवसर पर शिव-पार्वती विवाह का दिव्य प्रसंग भी भावपूर्ण ढंग से वर्णित किया गया। कथावाचक ने बताया कि पार्वती की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें स्वीकार किया। हिमालय के आँगन में देवताओं, ऋषियों और गंधर्वों की उपस्थिति में यह अलौकिक विवाह सम्पन्न हुआ। शिवजी की अनोखी बारात और उनका विरक्त स्वरूप देखकर सभी आश्चर्यचकित हुए, किंतु पार्वती ने उन्हें सच्चे रूप में पहचान कर वरण किया। महाराज ने कहा कि यह विवाह शिव और शक्ति, प्रकृति और पुरुष के पवित्र मिलन का प्रतीक है, जो संसार को संतुलन और कल्याण का संदेश देता है। शाम 7 बजे काशी गंगा जी कि आरती कि तर्ज पर नर्मदा जी कि आरती हुई जिसमें सेकड़ो महिलाओं सहित भक्तों ने धर्म लाभ लिया। प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर यज्ञ आचार्य डॉक्टर गंगाधर पांडे जी महाभाग, पंडित श्रवण मिश्र जी महाभाग, पंडित अतुल मिश्र जी महाभाग, आचार्य तरुण तिवारी जी महाभाग, पंडित सुभाष सकलानी जी महाभाग , पंडित नारायण जी महाभाग, पंडित वृजमोहन शर्मा जी महाभाग, सेवक राम गुप्ता, मलय गुप्ता , वैभव जोशी, नरेन्द्र जायसवाल, तुषार त्रिवेदी , आदि उपस्थित रहे।

